44 वीं दो दिवसीय एथलेटिक मीट का समापन समारोह
03 मार्च, 2015

अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ की दो दिवसीय वार्षिक खेल–कूद प्रतोयोगिता का शुभांरभ 2 मार्च, 2015 को मुख्य अतिथि महोदय कुलपति श्री हर सरूप चहल (महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक) ने खेल–ध्वज फहरा कर एवं माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया. इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के भूतपूर्व प्रधान लाला रतन सिंह गुप्ता तथा वर्तमान प्रधान श्री देवेन्द्र गुप्ता ने कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे. प्रो० नरेन्द्र गर्ग (वाणिज्य विभाग, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक) उपस्थित रहें. प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने अतिथियों का अभिनन्दन करते हुए महाविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों का वर्णन किया और खिलाड़ियों को निरन्तर अभ्यास व प्रयास करने के लिए प्रेरित किया. खेल–कूद समिति के समन्वयक डॉ0 के.एल. कौशिक ने महाविद्यालय के वर्तमान सत्र की खेल–कूद विभाग की जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों की प्रगति आख्या प्रस्तुत की. गौरव ने "थ्रो बॉल" खेल में अन्तराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया.

इन दोनो दिनों में 100, 200, 800 मीटर और तीन कि०मी० दौड़ के अतिरिक्त गोला फेक, ऊंची कूद, हथोडा फेक और लम्बी कूद के अनेक इवेन्ट हुए. महाविद्यालय के स्टॉफ के लिए भी म्यूजिकल चेयर और 100 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया. छात्रों की 100 मी० दौड़ में प्रथम स्थान लोकेश (बी.कॉम; सी.ए. द्वितीय वर्ष) द्वितीय स्थान नवीन लाम्बा (बी.बी.ए. केम प्रथम वर्ष), तृतीय स्थान मोहित (बी.बी.ए. प्रथम वर्ष) ने प्राप्त किया तथा छात्राओं की 100 मीटर की दौड में प्रथम स्थान सविता (बी.ए. द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान रीना (बी.कॉम द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान राखी (बी.एस.सी. नॉन मेडिकल) ने प्राप्त किया.

समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री मूल चन्द शर्मा (विधायक, विधान सभा क्षेत्र बल्लबगढ़) और कार्यक्रम अध्यक्ष अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० कृष्णकान्त गुप्ता ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया. कॉलेज छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा छात्राओं ने हरियाणवी समूह नृत्य से समां बाँध दिया. मुख्य अतिथि श्री मूल चन्द शर्मा ने विजयी छात्र व छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया. और विद्यार्थियों को बधाई देते हुए संबोधित किया कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का विशेष महत्व है क्योंकि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का निवास होता हैं. स्वस्थ विद्यार्थी ही एक अच्छा नागरिक बन सकता है. कार्यक्रम अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता ने खिलाडियों को महाविद्यालय की शान बताते हुए भविष्य में भी बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया. इस एथेलेटिक मीट में छात्र वर्ग में लोकेश (बी.कॉम; सी.ए. द्वितीय वर्ष) तथा छात्रा वर्ग में सविता (बी.ए. द्वितीय वर्ष) चैम्पियन घोषित किये गये. प्राचार्य महोदय ने मुख्य अतिथि और कार्यक्रम अध्यक्ष को स्मृति चिह्न भेंट कर इस पल को यादगार बनाया. धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्राध्यापक श्री अशोक कौशिक ने

किया. कार्यक्रम का समापन खिलाडियों द्वारा खेल ध्वज समेटने और राष्ट्रीय गान के साथ हुआ. यह आयोजन महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक श्री नन्द किशोर, डॉ0 जगबीर सिंह और श्री नरेश कुमार के दिशा–निर्देश में संचालित किया गया.